# संत हरिदास भक्ति व संगीत के महान साधक थे : लोधी

## स्वामी हरिदास संगीत समारोह में शामिल हुए संस्कृति मंत्री

**नवभारत न्यूज**
**रीवा, 28 फरवरी, संस्कृति, पर्यटन, धार्मिक न्यास एवं धर्मस्व विभाग के मंत्री धर्मेन्द्र सिंह लोधी ने कहा कि संत हरिदास भक्ति व संगीत के महान साधक थे. उनकी संगीत साधना भगवान श्रीकृष्ण के चरणों में समर्पित थी. वह भारतीय संगीत की परंपरा थे. मंत्री श्री लोधी प्रांतीय कलाकार संघ द्वारा स्वामी हरिदास संगीत समारोह में शामिल हुए.**

भारतीय संस्कृति के विरासत के संरक्षण के उद्देश्य से मानस भवन में आयोजित कार्यक्रम में संस्कृति मंत्री ने कहा कि स्वामी हरिदास की संगीत साधना से भारतीय संगीत की आत्मा धुनित हो उठती थी. हमारा देश सिर्फ भूखण्ड नहीं वरन महान संतों की तपोभूमि है. ऐसे ही महान संत संगीत साधक स्वामी हरिदास जी हुए हैं. उनके सम्मान में यह आयोजन प्रशंसनीय है. प्रांतीय कलाकार संघ द्वारा गत 25 वर्षों से अनवरत यह आयोजन किया जा रहा है. स्वामी हरिदास जी की स्मृति में देश



में दिल्ली के अतिरिक्त रीवा में ही यह आयोजन होता है. उन्होंने कहा कि बघेलखण्ड की पुण्य भूमि वंदनीय है. ऐसे आयोजन आध्यात्मिक व सांस्कृतिक पुनर्जागरण के लिए आवश्यक हैं. कार्यक्रम में कलाकारों द्वारा एकल एवं समूह नृत्य व अन्य प्रस्तुतियाँ दी गईं. मंत्री जी का आयोजकों ने शॉल, श्रीफल व प्रतीक चिन्ह देकर सम्मान किया.

### इनकी रही उपस्थिति

इस अवसर पर कमिश्नर बीएस जामोद, संयोजक राजेश शुक्ला, जिला भाजपा अध्यक्ष वीरेन्द्र गुप्ता, जनपद अध्यक्ष रीवा संगीता यादव, पूर्व विधायक डॉ. पंचूलाल प्रजापति, एडवोकेट अखण्ड प्रताप सिंह, डॉ. आनंद सिंह उपस्थित रहे. कार्यक्रम के अंत में कमिश्नर बीएस जामोद ने कलाकारों को पुरस्कृत किया.



# अमिलिया में महिला पर लकड़बग्घे का हमला, कलाई काटकर किया अलग

## ओडीएफ के दावों पर फिर उठे सवाल

**नवभारत न्यूज**
**सिंगरौली 28 फरवरी। जिले के माड़ा थाना क्षेत्र अंतर्गत अमिलिया गांव में आज दिन शनिवार की सुबह एक दिल दहला देने वाली घटना सामने आई, जहां शौच क्रिया के लिए घर से बाहर गई एक महिला पर अचानक लकड़बग्घे ने हमला कर दिया। हमले में महिला की एक हाथ की कलाई पूरी तरह से कटकर अलग हो गई, वहीं पैरों और शरीर के अन्य हिस्सों में भी गंभीर चोटें आई हैं।**

प्राप्त जानकारी के अनुसार मानकुमार विश्वकर्मा पति सिंह लाल उम्र करीब 60 वर्ष निवासी अमिलिया, सुबह घर के पास शौच के लिए गई हुई थीं। इसी दौरान घात लगाए बैठे लकड़बग्घे ने अचानक उन पर झपट्टा मार दिया। महिला के चीखने-चिल्लाने की आवाज सुनकर परिजन और आसपास के लोग मौके पर पहुंचे, तब तक लकड़बग्घा उन्हें गंभीर रूप से घायल कर चुका था। घटना के बाद ग्रामीणों की मदद से घायल महिला को तत्काल जिला चिकित्सालय सह ट्रामा सेंटर में भर्ती कराया गया, जहां चिकित्सकों द्वारा उपचार जारी है। डॉक्टरों के अनुसार महिला की स्थिति गंभीर बनी हुई है और लगातार निगरानी में रखा गया है। इस घटना ने एक बार फिर शासन के ओडीएफ खुले में शौच मुक्त अभियान की हकीकत उजागर कर दी है। कागजों में भले ही नगर निगम और ग्राम पंचायतों को ओडीएफ घोषित कर दिया गया हो, लेकिन जमीनी सच्चाई यह है कि शहरी और ग्रामीण अंचलों में आज भी बड़ी संख्या में लोग शौच के लिए खुले में जाने को मजबूर हैं।

### ग्रामीणों ने सार्वजनिक शौचालय की मांग उठाई

ग्रामीणों ने प्रशासन से मांग की है कि वन्य जीवों की बढ़ती गतिविधियों पर रोक लगाने के साथ-साथ गांवों में शौचालय निर्माण और उनकी उपयोगिता पर विशेष ध्यान दिया जाए, ताकि भविष्य में इस तरह की दर्दनाक घटनाओं से लोगों को बचाया जा सके। पुलिस ने मामले की सूचना लेकर आवश्यक कार्यवाई शुरू कर दी है।



# चार माह के मासूम के अपहरण का प्रयास नाकाम, मां की सतर्कता से बची जान

## बच्चे को जमीन पर फेंककर जंगल की ओर भागा संदिग्ध

**नवभारत न्यूज**
**सीधी, 28 फरवरी. जिले के थाना मड़वास क्षेत्र अंतर्गत ग्राम कतरवार के दाड़ीटोला में शनिवार दिन के करीब 9 बजे एक सनसनीखेज वारदात सामने आई।**

पहाड़ किनारे बने घर में सो रहे चार माह के मासूम बच्चे को एक अज्ञात व्यक्ति उठाकर ले जा रहा था। तभी बच्चे की मां की नजर उस पर पड़ गई। जैसे ही मां ने शोर मचाया पूरे मोहल्ले में अफ्रा.तफ्री मच गई और ग्रामीणों ने चारों तरफसे घेराबंदी शुरू कर दी। जहां घिरता देख घबराया संदिग्ध व्यक्ति बच्चे को जमीन पर फेंककर जंगल की ओर भाग निकला। जब परिजन और ग्रामीण बच्चे के पास पहुंचे तो वह बेहोश अवस्था में पड़ा मिला। यह दृश्य देख परिवार में चीख.पुकार मच गई। तत्काल पुलिस को सूचना दी गईए जिसके बाद डायल 112 की टीम मौके पर पहुंची और बच्चे को परिजनों के साथ अस्पताल पहुंचाया गया। वहीं बच्चे के पिता प्रवेश कुशवाहा ग्राम कतरवार के निवासी हैं। उनका घर दाड़ीटोला के पहाड़ी किनारे स्थित हैए जहां सुरक्षा व्यवस्था अपेक्षाकृत कमजोर बताई जा रही है। घटना के बाद गांव में दहशत का माहौल है और ग्रामीणों ने रात में गश्त बढ़ाने की मांग की है। जिले के थाना मड़वास पुलिस ने मामला दर्ज कर अज्ञात व्यक्ति की तलाश शुरू कर दी है। आसपास के जंगल और संभावित रास्तों पर सर्चिंग की जा रही है।

### पुलिस का दावा आरोपी पकड़ा जाएगा

पुलिस का कहना है कि संदिग्ध की पहचान के प्रयास जारी हैं और जल्द ही आरोपी को पकड़ लिया जाएगा। जहां फ़िलहाल चार माह का मासूम अस्पताल में बेहोश है और उसकी हालत पर डॉक्टर नजर बनाए हुए हैं। इस घटना ने पूरे क्षेत्र को झकझोर कर रख दिया है। ग्रामीणों का कहना है कि यदि समय रहते मां की नजर न पड़तीए तो बड़ा हादसा हो सकता था।

# पैसों के लिए दोस्त ने की थी दोस्त की हत्या

## मुख्य आरोपी पकड़ाया, कुठुलिया फार्म हाउस के पीछे मिला था शव

**नवभारत न्यूज**
**रीवा, 28 फरवरी, रीवा शहर के बिछिया थाना क्षेत्र अंतर्गत कुठुलिया फार्म हाउस के पीछे बीहर नदी में युवक की हत्या का राज पुलिस ने खोल दिया है. वारदात को अंजाम देने वाले मुख्य आरोपी को गिरफ्तार कर लिया गया है जबकि एक संदेही से पूछताछ जारी है वही एक आरोपी फरार है.**

इस पूरे खुलासे को लेकर नगर पुलिस अधीक्षक राजीव पाठक ने जानकारी देते हुए बताया कि विनीत कुशवाहा नामक युवक की तीन दिन पूर्व लाश बिछिया थाना के कुठुलिया फार्म हाउस के पीछे बीहर नदी में पाई गई थी. प्रथम दृश्य मामला हत्या का ही प्रतीत हो रहा था जिसके बाद मामले की जांच शुरू की गई. संदेह के आधार पर मृतक के दोस्त अनुज वर्मा निवासी कुठुलिया को पूछताछ के लिए थाना लाया गया तो उसने हत्या की वारदात को अंजाम देना अपने दो अन्य साथियों के साथ कबूल कर लिया. अनुज ने पुलिस को बताया कि विनीत उससे कर्ज ले रखा था और इस कर्ज के रुपए को जब वह वापस मांगता था तो विनीत नहीं देता था इसी बात को लेकर दोनों के बीच विवाद हुआ. जिसके बाद अनुज ने विनीत के सर पर पत्थर पटक कर मौत के घाट उतार दिया और शव नदी में फेंक दिया. पुलिस ने मुख्य आरोपी अनुज को हिरासत में ले लिया है, जबकि एक संदेही से पूछताछ की जा रही है, वही सागर नामक एक आरोपी फरार है जिसकी तलाश की जा रही है.

### नशीला पदार्थ खिलाकर नाबालिग से दुष्कर्म

शहर के एक थाना अन्तर्गत नशीला पदार्थ खिलाकर नाबालिग के साथ दुष्कर्म किया गया. इंस्टाग्राम के जरिए दोनो के बीच दोस्ती हुई और उसके बाद दुष्कर्म की वारदात को अंजाम दिया गया. पीड़िता एवं आरोपी दोनो रीवा शहर के ही निवासी है. पहले इंस्टाग्राम के माध्यम से दोनो के बीच दोस्ती हुई और बातचीत बढ़ने के बाद मिलने लगे. पीड़िता की सहेली के कमरे में आरोपी पहुंचा जहा नशीला पदार्थ खिलाकर नाबालिग के साथ दुष्कर्म किया, आरोपी भी नाबालिग बताया गया है. घटना के बाद पीड़िता ने पूरी जानकारी अपने परिजनो को दी. जिसके बाद परिजन शिकायत लेकर संबंधित थाने पहुंचे. फिलहाल पुलिस ने दुष्कर्म का मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है.

### श्री रामनवमीं शोभायात्रा को लेकर केसरवानी सेवा सदन में हुई बैठक

**सतना, 28 फरवरी.** केशरवानी सेवा सदन कृष्ण नगर के सभागार में श्री रामनवमी शोभायात्रा को भव्य बनाने हेतु वार्ड नंबर 42 की बैठक संपन्न हुई।

बैठक में राम भक्तों ने अपने अपने सुझाव दिए बैठक में मुख्य रूप से प्रसेनजीत सिंह तोमर (पूर्व पार्षद), रामचरण गुप्ता , मनोज वलेचा, जितेन्द्र साबनानी, राजेश खत्री, अशोक गुप्ता, मातृ शक्ति पूजा गुप्ता, श्वेता अग्रवाल, विजय सिंह, रवि सिंह, मनोज साबनानी, सागर अग्रवाल, पवन एवं राम भक्त उपस्थित रहे।

# दुष्कर्म का आरोपी 24 घंटे के भीतर गिरफ्तार, भेजा गया जेल

**नवभारत न्यूज**
**सीधी, 28 फरवरी. दुष्कर्म के आरोपी को पुलिस ने 24 घंटे के भीतर गिरफ्तार कर जेल पहुंचा दिया।**

पुलिस अधीक्षक संतोष कोरी के निर्देशन, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक अरविन्द श्रीवास्तव और एसडीओपी चुरहट रवि प्रकाश कौल के मार्गदर्शन में, थाना रामपुर नैकिन पुलिस ने दुष्कर्म जैसे गंभीर अपराध के आरोपी को घटना के 24 घंटे के भीतर गिरफ्तार कर



ब?ी सफलता हासिल की है। थाना रामपुर नैकिन अंतर्गत एक पी?िता ने रिपोर्ट दर्ज कराई थी कि आरोपी ने उसके साथ जबरदस्ती दुष्कर्म किया है। पी?िता की शिकायत को गंभीरता से लेते हुए थाना रामपुर नैकिन पुलिस ने त्वरित कार्रवाई करते हुए अपराध क्रमांक/पंजीकृत मामले में भारतीय न्याय संहिता (बीएनएस) की विभिन्न धाराओं एवं पॉक्सो एक्ट की धारा के तहत प्रकरण पंजीबद्ध किया।

**त्वरित कार्रवाई और गिरफ्तारी-** थाना प्रभारी रामपुर नैकिन निरीक्षक सुधांशु तिवारी के नेतृत्व में गठित पुलिस टीम ने तत्परता दिखाते हुए घटना के 24 घंटे के भीतर ही आरोपी की घेराबंदी कर उसे गिरफ्तार कर लिया। दिनांक 27 फरवरी 2025 को आरोपी को माननीय न्यायालय के समक्ष पेश किया गया, जहां से उसे न्यायिक हिरासत में जेल भेज दिया गया है।

### इनकी रही सराहनीय भूमिका

इस संपूर्ण ऑपरेशन को सफल बनाने में थाना प्रभारी निरीक्षक सुधांशु तिवारी, उप निरीक्षक मोतीलाल रावत, एएसआई संदीप वर्मा, प्रधान आरक्षक महेंद्र विश्वकर्मा, आरक्षक महेंद्र तिवारी, महिला आरक्षक अंजलि सिंह एवं पुलिस चौकी मोहनिया से आरक्षक सत्येंद्र सिंह की सराहनीय भूमिका रही।

# बरगवां थाना क्षेत्र में युवक पर जानलेवा हमला

## गंभीर रूप से घायल व झुलसे युवक को जबलपुर किया गया रेफर

**नवभारत न्यूज**
**सिंगरौली 28 फरवरी ।स्थानीय थाना क्षेत्र के पोखरा गांव में आज दिन शनिवार की सुबह एक सनसनीखेज और रहस्यमयी वारदात सामने आई है।**

आजादपुर ग्राम निवासी संदीप यादव पर अज्ञात हमलावर ने धारदार हथियार से जानलेवा हमला कर उसे गंभीर रूप से घायल कर दिया। हमले में युवक के घुटने पर गंभीर वार किया गया है, जिससे उसका घुटना लगभग आधा कट गया, वहीं उसके शरीर के कुछ हिस्से झुलसे होने की भी पुष्टि हुई है। प्राप्त जानकारी के अनुसार आज दिन शनिवार की सुबह करीब 7 बजे ग्रामीणों ने युवक को गंभीर अवस्था में देखा और तत्काल पुलिस को सूचना दी। सूचना मिलते ही बरगवां थाना पुलिस मौके पर पहुंची और घायल युवक को उपचार के लिए जिला मुख्यालय स्थित ट्रामा सेंटर के लिए रवाना किया गया। वहां



प्राथमिक उपचार के बाद हालत गंभीर देखते हुए चिकित्सकों ने उसे बेहतर इलाज के लिए जबलपुर रेफर कर दिया। घटना को और रहस्यमयी बनाते हुए घटनास्थल से करीब 100 मीटर की दूरी पर एक हिरण का शव भी बरामद किया गया है। इस मामले में वन विभाग ने भी संज्ञान लेते हुए जांच शुरू कर दी है। हिरण की मौत किन परिस्थितियों में हुई, इसकी भी पड़ताल की जा रही है। बरगवां थाना प्रभारी निरीक्षक मो. समीर ने बताया कि पुलिस ने अज्ञात हमलावर के खिलाफ मामला दर्ज कर लिया है।

### बगल में मिला हिरण का शव

युवक पर हुए हमले, उसके झुलसने की स्थिति तथा घटनास्थल के पास हिरण के शव मिलने जैसे सभी पहलुओं को ध्यान में रखते हुए मामले की गहन जांच की जा रही है। फिलहाल घटना के कारण स्पष्ट नहीं हो सके हैं। पुलिस और वन विभाग संयुक्त रूप से जांच में जुटे हुए हैं। क्षेत्र में घटना के बाद दहशत का माहौल है, वहीं पुलिस ने जल्द ही पूरे मामले का खुलासा करने का भरोसा दिलाया है।

# सेवानिवृति होने पर दी गई विदाई

## विंध्याचल में विदाई समारोह का आयोजन



**नवभारत न्यूज**
**विंध्यनगर 28 फरवरी। एनटीपीसी विंध्याचल परियोजना में आज दिन शनिवार को अपनी दीर्घ सेवा देने के पश्चात कर्मचारी सेवानिवृत्त हुए। सेवानिवृत्त होने वाले कर्मचारी में राजकुमार गोड़, अभियंता एसएलपीएस प्रचालन शामिल रहे।**

सर्वप्रथम सेवानिवृत होने वाले कर्मचारी द्वारा परियोजना के प्रशासनिक भवन के प्रांगण मे पर्यावरण संरक्षण की प्रतिबद्धता को दोहराते हुये वृक्षारोपण किया गया। इसके पश्चात एनटीपीसी विंध्याचल प्रबंधन द्वारा सेवानिवृत्त होने वाले कर्मचारी का सम्मान परियोजना के प्रशासनिक भवन के भू-तल सभागार में किया गया। स्वागत की कड़ी में परियोजना प्रमुख संजीब कुमार साहा एवं महाप्रबंधक एजे राजकुमार नें सभी सेवानिवृत्त होने वाले कर्मचारियों का पुष्पमाला से स्वागत किया।

इस अवसर पर परियोजना प्रमुख संजीब कुमार साहा ने सभी सेवानिवृत्त होने वाले कर्मचारी की सराहना करते हुये अपने सहकर्मियों के सहयोग और स्नेह के लिए विशेष धन्यवाद व्यक्त किया। इस अवसर पर महाप्रबंधकगण, विभागाध्यक्षगण, यूनियन एवं एसोसिएशन प्रतिनिधिगण, संबंधित विभागों के कर्मचारी तथा सेवानिवृत्त कर्मचारियों के परिजन मौजूद रहे।

### 4 लाख की आर्थिक सहायता राशि स्वीकृत

**सतना.** राजस्व पुस्तक परिपत्र 6-4 के तहत आपदा पीड़ित व्यक्ति के परिजन को 4 लाख रूपये की आर्थिक सहायता राशि स्वीकृत की गई है। अनुविभागीय अधिकारी रघुराजनगर (षहरी) राहुल सिलाड़िया द्वारा तहसील रघुराजनगर अंतर्गत धवारी निवासी राहुल रैकवार के भाई की कुआं के पानी में डूबने से मृत्यु होने पर 4 लाख रूपये की आर्थिक सहायता राशि स्वीकृत की गई है।

### समर्थन मूल्य पर गेहूं उपार्जन के लिए पंजीयन 7 तक

**सतना 28 फरवरी.** रबी विपणन वर्ष 2026-27 में समर्थन मूल्य पर गेहूं उपार्जन के लिए किसानों का पंजीयन 7 फरवरी 2026 से प्रारंभ हो चुका है। पंजीयन की अंतिम तिथि 7 मार्च 2026 निर्धारित की गई है। जिला आपूर्ति अधिकारी ने मैहर जिले के सभी किसानों से अपील की है कि जिन किसानों ने अभी तक समर्थन मूल्य पर गेहूं विक्रय हेतु पंजीयन नहीं कराया है, वे निर्धारित अंतिम तिथि 7 मार्च 2026 तक अनिवार्य रूप से अपना पंजीयन करा लें। पंजीयन अवधि में किसी भी प्रकार की तिथि वृद्धि नहीं की जाएगी।

# पर्यावरण-संरक्षण के संदेश के साथ मनेगी होली

## गौ-काष्ठ आधारित होलिका दहन करने वाली संस्थाओं एवं पदाधिकारियों को मिलेंगे प्रशस्ति-पत्र

**नवभारत न्यूज**
**सतना 28 फरवरी. इस वर्ष होली पर्व को पर्यावरण-संरक्षण और सामाजिक सद्भाव के संदेश के साथ मनाया जाए। इसके लिए राज्य शासन ने नागरिकों से अपील की है कि वे आपसी मतभेद भुलाकर भाईचारे, सामाजिक एकता और उल्लास के साथ होली मनाएं।**

होलिका दहन में लकडी के स्थान पर गो-काष्ठ (उपलों) का अधिकाधिक उपयोग करें। प्रदेश सरकार द्वारा जारी निर्देश अनुसार जनसहयोग एवं सामाजिक सहभागिता के माध्यम से प्रयास किया जाएगा कि होलिका दहन में लकडी की जगह गो-काष्ठ का प्रयोग हो। साथ ही, प्राकृतिक एवं हर्बल रंगों से होली खेलने, जल संरक्षण करने तथा पशु-पक्षियों पर रंग न डालने के संकल्प के साथ उत्सव मनाने के लिए नागरिकों को प्रेरित किया जाएगा। जिलों में विभिन्न स्तरों पर आयोजित होने वाले सार्वजनिक होलिका दहन कार्यक्रमों का नि:शुल्क पंजीयन कराया जाए। यह पंजीयन जिला मुख्यालय, तहसील, नगरीय निकाय एवं पंचायत स्तर पर किया जाएगा। पंजीयन के दौरान आयोजक संस्था की संक्षिप्त जानकारी, पदाधिकारियों के नाम एवं संपर्क विवरण प्राप्त किए जाएंगे।

### लकड़ी के स्थान पर करें गौ-काष्ठ का उपयोग

जिला स्तर पर व्यापक प्रचार-प्रसार कर नागरिकों को गो-काष्ठ आधारित होलिका दहन के लिए प्रेरित किया जाएगा। नगरीय निकायों एवं पंचायत राज संस्थाओं को इस अभियान में सक्रिय रूप से शामिल किया गया है। होलिका दहन के दिन मैदानी अमला सार्वजनिक आयोजनों का निरीक्षण कर लकडी के स्थान पर गो-काष्ठ के उपयोग को प्रोत्साहित करेगा। जिन आयोजनों में पूर्ण रूप से गो-काष्ठ आधारित होलिका दहन किया जाएगा, उनको संबंधित अधिकारी द्वारा प्रमाणित कर कलेक्टर को प्रतिवेदन प्रस्तुत किया जाएगा।

# फरार आरोपी अवैध नशीली सिरप के साथ गिरफ्तार

## नशे के खिलाफ सीधी पुलिस की कार्रवाई

**नवभारत न्यूज**
**सीधी, 28 फरवरी. जिले में अवैध नशा माफियाओं और फरार अपराधियों के विरुद्ध चलाए जा रहे विशेष अभियान के तहत कोतवाली पुलिस ने वर्ष 2025 के एक मामले में लंबे समय से फरार चल रहे वांछित आरोपी को नशीली कफ सिरप की खेप के साथ गिरफ्तार कर सलाखों के पीछे पहुंचा दिया है।**

पुलिस अधीक्षक सीधी संतोष कोरी के निर्देशन, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक अरविंद श्रीवास्तव एवं उप पुलिस अधीक्षक (मुख्यालय) अमन मिश्रा के मार्गदर्शन में कोतवाली पुलिस की टीम निरंतर अपराधियों की धर-पक? में जुटी थी। पुलिस को सूचना प्राप्त हुई थी कि वर्ष 2025 के एक मामले में फरार चल रहा आरोपी आकाश जायसवाल 22 वर्ष क्षेत्र में पुन: सक्रिय होकर नशीली दवाओं का अवैध कारोबार कर रहा है। सूचना को गंभीरता से लेते हुए थाना प्रभारी कोतवाली, निरीक्षक अभिषेक उपाध्याय के नेतृत्व में तत्काल एक विशेष टीम गठित की गई। टीम ने मुखबिर के बताए स्थान गोपाल दास मंदिर के पीछे उत्तरी करौंदिया पर दबिश दी और घेराबंदी कर आरोपी आकाश जायसवाल को रंगे हाथों पक? लिया।

तलाशी के दौरान आरोपी के कब्जे से कोडीन फॉस्फेट युक्त ऑनरेक्स कफ सिरप की 30 अवैध शीशियां बरामद की गईं। आरोपी अपने पास मौजूद नशीले पदार्थों के संबंध में कोई वैध दस्तावेज प्रस्तुत नहीं कर सका। पुलिस ने एनडीपीएस एक्ट एवं म.प्र. ड्रग कंट्रोल एक्ट के तहत मामला पंजीबद्ध कर उसे न्यायालय के समक्ष पेश किया। न्यायालय के आदेश पर आरोपी को जिला जेल सीधी दाखिल कराया गया है। इस संपूर्ण ऑपरेशन को सफल बनाने में निरीक्षक अभिषेक उपाध्याय थाना प्रभारी, कोतवाली, प्रधान आरक्षक रण बहादुर सिंह, तिलक राज सिंह, पालन सिंह, आरक्षक बालेंद्र सिंह एवं अनुराग यादव विशेष भूमिका रही ।

# होली से पहले कर्मचारियों ने मांगा वेतन

## आंदोलन की चेतावनी, वेतन भुगतान में अनियमितता पर नाराजगी

**नवभारत न्यूज**
**सिंगरौली 28 फरवरी । जिले में सहकारिता समितियों के विक्रेताओं को होली त्योहार से पूर्व 10500 रुपए प्रति माह की दर से वेतन भुगतान कराने की मांग उठी है।**

इस संबंध में उपायुक्त सहकारिता, सिंगरौली को आवेदन सौंपकर बताया कि पूर्व में बैंक मुख्यालय के आदेश पर 10500 रुपए प्रतिमाह वेतन स्वीकृत किया गया था, लेकिन वर्तमान में राज्य सरकार से कमीशन न मिलने का हवाला देकर कहीं 8100 तो कहीं 8400 रुपए की दर से 6-7 महीने में एक बार भुगतान किया जा रहा है। इससे विक्रेताओं को आर्थिक परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। आवेदन में उल्लेख किया गया है कि दिसंबर 2025 तक का कमीशन समितियों को भुगतान किए जाने की जानकारी दी गई है। ऐसे में 10500 रुपए से कम वेतन देने का आदेश किसके द्वारा जारी किया गया है, यह स्पष्ट किया जाए। मांग की गई है कि समितियों में उपलब्ध राशि के अनुसार जितने माह संभव हो, 10500 रुपए की दर से वेतन होली से पहले दिया जाए तथा कम भुगतान किए गए महीनों का एरियर भी जोड़ा जाए।

### समाधान न होने पर आंदोलन की चेतावनी

संगठन ने चेतावनी दी है कि आगामी दिन सोमवार 1 मार्च को कलेक्टर से भी इस संबंध में निवेदन किया जाएगा। यदि इसके बाद भी समस्या का समाधान नहीं हुआ तो संगठन आंदोलन के लिए बाध्य होगा, जिसकी जिम्मेदारी सहकारिता विभाग, बैंक एवं खाद्य विभाग की होगी। यह मांग सहकारिता समिति कर्मचारी महासंघ भोपाल के सह सचिव एवं सिंगरौली जिला प्रभारी जिलाध्यक्ष सीता प्रसाद यादव के नेतृत्व में उठाई गई है।

स्वत्वाधिकारी रामगोपाल इन्वेस्टमेंट प्रा.लि. हेतु लेसी एंगेज मीडिया प्रा. लि. के लिए मुद्रक, प्रकाशक आशीष श्रोती द्वारा प्लाट नं.34, इंडस्ट्रियल एरिया, सतना से प्रकाशित एवं नवभारत प्रेस भोपाल प्रा.लि. , इंडस्ट्रियल एरिया से मुद्रित . संपादक- संजय पयासी* फोन- 250587, फैक्स- 224642 * समाचार चयन के लिए पी.आर.बी. एक्ट के अन्तर्गत जिम्मेदार RNI Reg. No. 72181/99